# भारतीय जनता पार्टी जिला श्योपुर (म.प्र.)

अरविन्द सिंह जादौन (गुड्डू)
जिला महामंत्री भा.ज.पा.
जिला श्योपुर (म.प्र.)
Email Id : jadon.arvind1975@gmail.com

निवास : ग्राम काठौन तह. विजयपुर
हाल निवास एवं कार्यालय :
बजरंग कॉलोनी, मण्डी विजयपुर
जिला श्योपुर (म.प्र.) 476332
9977732500 9425405354

215/24

Date: 26/10/24

प्रति,

श्रीमान थाना प्रभारी महोदय,
थाना विजयपुर जिला श्योपुर, म.प्र.

विषय :— नेता प्रतिपक्ष म.प्र. विधानसभा श्री उमंग सिंघार, उपनेता श्री हेमंत कटारे एवं राज्यसभा सांसद श्री दिग्विजय सिंह द्वारा फेसबुक एवं X हैण्डल पर 06 वर्ष पुराना वीडियो में षड़यंत्रपूर्वक छेड़छाड़ कर अपलोड करके विधानसभा उपनिर्वाचन 2024 में 02—विजयपुर से भा.ज.पा. प्रत्याशी श्री रामनिवास रावत की छवि धूमिल करने का अपराधिक प्रकरण कायम करने बाबत् ।

विषयान्तर्गत निवेदन है नेता प्रतिपक्ष म.प्र. विधानसभा श्री उमंग सिंघार, उपनेता श्री हेमंत कटारे एवं राज्यसभा सांसद श्री दिग्विजय सिंह द्वारा फेसबुक एवं X हैण्डल पर 06 वर्ष पुराने वीडियो में छेड़छाड़ कर षड़यंत्रपूर्वक अपलोड करके विधानसभा उपनिर्वाचन 2024 में 02—विजयपुर से भा.ज.पा. प्रत्याशी श्री रामनिवास रावत की छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है ।

उपरोक्त कांग्रेस नेताओं द्वारा द्वारा जो पुराना वीडियो अपलोड किया है वो वस्तुतः वर्ष 2018 कस है । जब तत्कालीन विधायक श्री रामनिवास रावत कराहल तहसील के ग्राम पहेला में प्रवास पर थ । उस समय गांव के एक लड़के में गांव में पानी की समस्या के संबंध में चिल्लाकर उनके समक्ष प्रस्तुत की जिसका निराकरण वो पहिले ही कर चुके थे । वर्तमान में ग्राम पहेला में पेयजल की कोई समस्या नहीं है । उक्त वीडियो 06 वर्ष पुराना है। इसका प्रमाण यह है कि वीडियो में श्री रामनिवास रावत के तत्कालीन पी.एस.ओ. श्री बृजकिशोर सिंह चौहान दिखाई दे रहे हैं । वर्ष 2009 से 2018 तक श्री रामनिवास रावत की निज सुरक्षा में तैनात रहे थे । इसके बाद उनकी रवानगी हो गई थी । श्री रावत उस समय कांग्रेस पार्टी के विधायक थे । इससे यह स्वयं सि्द्ध होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा पुराने वीडियो में छेड़छाड़ कर षडयंत्रपूर्वक भा.ज.पा. प्रत्याशी की छवि मतदाताओं के समक्ष धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है ।

चूंकि उपरोक्त नेता महत्वपूर्ण पद पर हैं तथा उनके द्वारा मतदाताओं को भ्रमित करने का षड़यंत्र रचा गया है जो कि कानून के प्रावधानों के विपरीत है क्योंकि चुनाव की अवधि के दौरान एम.सी.एम.सी. से अनुमोदन के पश्चात ही वीडियो अपलोड किया जा सकता है ।

Scanned with OKEN Scanner

# ...तीय जनता पार्टी जिला श्योपुर (म.प्र.)

...न्द सिंह जादौन (गुड्डू)
...ा महामंत्री भा.ज.पा.
...ला श्योपुर (म.प्र.)
...mail id : jadon.arvind1976@gmail.com

निवास : ग्राम काठौन तह. विजयपुर
हाल निवास एवं कार्यालय :
...कॉलोनी, मण्डी विजयपुर
जिला श्योपुर (म.प्र.) 476332
9977732500 9425405354


...o. ......                                                                 Date: ..................

अतः निवेदन है कि श्री उमंग सिंघार नेता प्रतिपक्ष, श्री हेमंत कटारे उप नेता प्रतिपक्ष, म.प्र. विधानसभा एवं राज्यसभा सांसद श्री दिग्विजय सिंह जी के खिलाफ अपराधिक प्रकरण कायम करते हुए उक्त वीडियो को फेसबुक एवं X हैण्डल पर से हटवाने की कार्यवाही करने का कष्ट करें ।

**संलग्न- वीडियो की लिंक**

1. https://www.facebook.com/share/r/7QHs/pae2Te1ZI4/
2. https://x.com/UmangSinghar/status/1849710445013147694?t=1OfuLSKGzPM0BVD6-52P2A&s=08
3. https://www.facebook.com/share/v/rHtt3HHYmOKT5DMV/?mibextid=WC7FNe
4. https://www.facebook.com/share/v/4AGZCZUKSD6gH3Uk/?mibextid=WC7FNe
5. https://FB.com/share/v/xm3F77g9hyggNSKM
6. https://x.com/ibc24news/status/1849793920009412639?s=46&t=Nvl-xNlcSNR2hz1ovk6ehQ
7. https://www.facebook.com/share/v/17j6fZHrPg/

भवदीय

अरविंद सिंह जादौन
महामंत्री
भा.ज.पा. म.प्र.

प्रतिलिपि :

1. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय, जिला श्योपुर
2- पुलिस अधीक्षक, जिला श्योपुर
3. रिटर्निंग आफिसर, विधान सभा उप निर्वाचन –2024 वि.स. क्षेत्र 02–विजयपुर

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

भवदीय

अरविंद सिंह जादौन
महामंत्री
भा.ज.पा. म.प्र.

Scanned with OKEN Scanner